an>

title: Regarding railway services in Jodhpur Parliamentary constituency of Rajasthan.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) **: माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र और आसपास के संसदीय क्षेत्र पाली, जालौर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर के लोग दक्षिण भारत के शहरों में व्यावसायिक कार्यों के दृष्टिकोण से रहते हैं। वे अनेक वर्षों से वहाँ निवास करते हैं और दक्षिण भारत के कई शहरों के कई विधाओं की इकोनॉमी में उनका बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। हमारे जो लोग वहाँ रहते हैं, उनके आवागमन के साधन के लिए जो रेल चलती है,** 15 **वर्ष पूर्व जोधपुर से चेन्नै के लिए एक ट्रेन शुरू हुई थी। जिस दिन यह शुरू हुई थी, तब से अब तक यह साप्ताहिक ट्रेन के रूप में चल रही है। इसके अतिरिक्त पुणे के लिए जो ट्रेन चलती है, वह सप्ताह में दो दिन चलती है। मुम्बई के लिए जो ट्रेन चलती है, वह सप्ताह में एक दिन चलती है। ऐसे में वहाँ जो काम करते हैं, उनके परिवार में आठ-दस लोग रहते हैं, यदि कोई दुर्घटना या किसी की मृत्यु हो जाती है, तो उनके पास वापस घर लौटने का कोई अन्य साधन नहीं होता है।**

HON. DEPUTY SPEAKER: What do you want? You tell me that.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत**: ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलती है, उस पर इतना दबाव है कि जब दो महीने पहले रिजर्वेशन शुरू होता है, जिसे अभी माननीय रेल मंत्री जी ने चार महीने कर दिया है, तो पहले ही पाँच मिनट में पूरी ट्रेन बुक हो जाती है। उन लोगों को बिना रिजर्वेशन के यात्रा करनी पड़ती है या किसी अन्य ट्रेन से आना पड़ता है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ, मैंने पहले भी निवेदन किया है कि ये जो हमारी साउथ इंडिया से जोड़ने वाली ट्रेन्स हैं, उन ट्रेनों के फेरे बढ़ाये जाएं और इन्हें नियमित किया जाए।**

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri P.P. Chaudhary is permitted to associate with the matter raised by Shri Gajendra Singh Shekhawat.

Prof. Chintamani Malviya – Not Present.